This is a digitally signed Gazette, to verify click here.

# राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

## हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, सोमवार, 2 सितम्बर, 2013 / 11 भाद्रपद, 1935

### हिमाचल प्रदेश सरकार

#### मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 30 अगस्त, 2013

**संख्याः मुद्रण (बी ) 6–1 / 2013.**——हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, हिमाचल प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग में **प्रैस हैड मकैनिक, वर्ग–III** (अराजपत्रित), अलिपिक वर्गीय

सेवाएं, के पद के लिए इस अधिसूचना से संलग्न उपाबन्ध ''क'' के अनुसार भर्ती और प्रोन्नति नियम बनाती हैं, अर्थात् :––

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**––(i) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, प्रैस हैड मकैनिक, वर्ग–III (अराजपत्रित), अलिपिक वर्गीय सेवाएं, भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2013 है ।

(ii) ये नियम राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किए जाने की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

आदेश द्वारा,
**(मनीषा नंदा)**
प्रधान सचिव (मुद्रण एवं लेखन)।

————————

**उपाबन्ध–"क"**

**हिमाचल प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग में प्रैस हैड मकैनिक, वर्ग–III (अराजपत्रित), अलिपिक वर्गीय सेवाएं, के पद के लिए भर्ती और प्रोन्नति नियम**

1. **पद का नाम.**––प्रैस हैड मकैनिक

2. **पदों की संख्या.**––01 (एक )

3. **वर्गीकरण.**––वर्ग –III (अराजपत्रित), अलिपिक वर्गीय सेवाएं

4. **वेतनमान.**––पे बैंड 5910 –20200 / –रूपए, जमा 2400 / –रूपए, ग्रेड पे

5. **"चयन' पद अथवा 'अचयन' पद.**––अचयन

6. **सीधी भर्ती के लिए आयु.**––लागू नहीं ।

7. **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक और अन्य अहर्ताएं––अनिवार्य अहर्ता.**––लागू नहीं । **वांछित अहर्ता.**––लागू नहीं ।

8. **सीधे भर्ती किए जाने वाले आयु व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अहर्ताएं प्रोन्नत व्यक्ति (यों) की दशा में लागू होंगी या नहीं.––आयु** : लागू नहीं । **शैक्षिक अहर्ता** : लागू नहीं ।

9. **परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो.**––दो वर्ष, जिसका एक वर्ष से अनधिक ऐसी और अवधि के लिए विस्तार किया जा सकेगा, जैसा सक्षम प्राधिकारी विशेष परिस्थितियों में और लिखित कारणों से आदेश दे।

10. **भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति, सैकेण्डमैंट, स्थानातरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पद (पदों ) की प्रतिशतता.**––शतप्रतिशत प्रोन्नति द्वारा ।

11. **प्रोन्नति, सैकेण्डमैंट, स्थानातरण की दशा में वे श्रेणियां (ग्रेड) जिनसे प्रोन्नति, प्रतिनियुक्ति, सैकेण्डमैंट किया जाएगा.**––मकैनिक (मुद्रण) में से प्रोन्नति द्वारा, जिनका सात वर्ष का नियमित सेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, को सम्मिलित करके तीन वर्ष का नियमित सेवाकाल हो ।

(1) प्रोन्नति के सभी मामलों में, पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरक (पोषक) पद में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, प्रोन्नति के लिए इन नियमों में यथाविहित सेवाकाल के लिए, इस शर्त के

अधीन रहते हुए गणना में ली जाएगी, कि सम्भरक (पोषक) प्रवर्ग में तदर्थ नियुक्ति/प्रोन्नति, भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार चयन की उचित स्वीकार्य प्रक्रिया को अपनाने के पश्चात् की गई थी :

परन्तु उन सभी मामलों में, जिनमें कोई कनिष्ठ व्यक्ति सम्भरक (पोषक) पद में अपने कुल सेवाकाल (तदर्थ आधार पर की गई तदर्थ सेवा सहित, जो नियमित सेवा/नियुक्ति के अनुसरण में हो), के आधार या उपर्युक्त निर्दिष्ट उपबन्धों के कारण विचार किए जाने का पात्र हो जाता है, वहां अपने–अपने प्रवर्ग/पद/संवर्ग में उससे वरिष्ठ सभी व्यक्ति विचार किए जाने के पात्र समझे जाएंगे और विचार करते समय कनिष्ठ व्यक्ति से ऊपर रखे जाऐंगे :

परन्तु यह और कि उन सभी पदधारियों की, जिन पर प्रोन्नति के लिए विचार किया जाना है, कम से कम तीन वर्ष की न्यूनतम अर्हता सेवा या पद के भर्ती आरै प्रोन्नति नियमों में विहित सेवा, जो भी कम हो, होगी :

परन्तु यह और भी कि, जहां कोई व्यक्ति पूर्वगामी परन्तुक की अपेक्षाओं के कारण प्रोन्नति किए जाने सम्बधी विचार के लिए अपात्र हो जाता है, वहां उससे कनिष्ठ व्यक्ति भी ऐसी प्रोन्नति के विचार के लिए अपात्र समझा जाएगा /समझे जाएंगे ।

**स्पष्टीकरण.**––अन्तिम परन्तुक के अन्तर्गत कनिष्ठ पदधारी प्रोन्नति के लिए अपात्र नहीं समझा जाएगा, यदि वरिष्ठ अपात्र व्यक्ति भूतपूर्व सैनिक है, जिसे डिमोबिलाईजड आर्मड फोर्सिस परसोनल (रिजर्वेशन ऑफ वेकेन्सीज इन हिमाचल स्टेट नॉन–टैकनीकल सर्विसीज) रूल्ज, 1972 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया हो और इसके अन्तर्गत वरीयता लाभ दिए गए हों या जिसे एक्स–सर्विसमैन (रिजर्वेशन ऑफ वेकेन्सीज इन दी हिमाचल प्रदेश टैकनीकल सर्विसीज) रूल्ज, 1985 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया हो और इसके अन्तर्गत वरीयता लाभ दिए गए हों ।

(2) इसी प्रकार स्थायीकरण के सभी मामलों में ऐसे पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरक (पोषक) पद पर की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, सेवाकाल के लिए गणना में ली जाएगी, यदि तदर्थ नियुक्ति/प्रोन्नति, उचित चयन के पश्चात् और भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार की गई थी :

परन्तु की गई उपर्युक्त निर्दिष्ट तदर्थ सेवा को गणना में लेने के पश्चात् जो स्थायीकरण होगा, उसके फलस्वरूप पारस्परिक वरीयता अपरिवर्तित रहेगी ।

**12. यदि विभागीय प्रोन्नति समिति विद्यमान हो तो उसकी संरचना.**––जैसी सरकार द्वारा समय–समय पर गठित की जाए ।

**13. भर्ती करने में जिन परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा**––जैसा विधि द्वारा अपेक्षित हो ।

**14. सीधी भर्ती के लिए अनिवार्य अपेक्षा.**––लागू नहीं ।

**15. सीधी भर्ती द्वारा पद पर नियुक्ति के लिए चयन.**––लागू नहीं ।

**16. आरक्षण.**––सेवा में नियुक्ति, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा, समय–समय पर अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्गों/अन्य प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए सेवा में आरक्षण की बाबत जारी किए गए आदेशों के अधीन होगी ।

**17. विभागीय परीक्षा.**––लागू नहीं ।

**18. शिथिल करने की शक्ति.**––जहां राज्य सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह कारणों को लिखित में अभिलिखित करके और हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, आदेश द्वारा, इन नियमों के किसी उपबन्ध (उपबन्धों) को किसी वर्ग या व्यक्ति(यों) के प्रवर्ग या पद (पदों)की बाबत, शिथिल कर सकेगी ।

*[Authoritative English Text of this Department Notification No : Mudran (B) 6-1/ 2013 dated 30-8-2012 as required under clause (3) of Article 348 of the Constitution of India].*

**PRINTING AND STATIONERY DEPARTMENT**

NOTIFICATION

*Shimla-2, the 30th August, 2013*

**No: Mudran (B)6-1 / 2013.**—In exercise of the powers conferred by proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor, Himachal Pradesh, in consultation with the Himachal Pradesh Public Service Commission , is pleased to make the following Recruitment & Promotion Rules for the post of **Press Head Mechanic, Class-III** (Non-Gazetted), Non-Ministerial Services, in the Department of Printing and Stationery, Himachal Pradesh as per Annexure-"A" attached to this notification , namely:—

**1. Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Himachal Pradesh Printing and Stationery Department, **Press Head Mechanic, Class-III (Non-Gazetted) Non-Ministerial Services ,** Recruitment and Promotion Rules, 2013.

(2) These rules shall come into force from the date of publication in the Rajpatra. Himachal Pradesh.

By order,
(MANISHA NANDA)
Pr. Secretary (P&S).

---

**Annexure "A"**

**RECRUITMENT AND PROMOTION RULES FOR THE POST OF PRESS HEAD MECHANIC CLASS-III (NON-GAZETTED) NON-MINISTERIAL SERVICES, IN THE DEPARTMENT OF PRINTING AND STATIONERY HIMACHAL PRADESH**

1. **Name of the Post.**—Press Head Mechanic

2. **Number of Post(s).**—01(One )

3. **Classification.**— Class-III (Non-Gazetted) Non –Ministerial- Services.

4. **Scale of Pay.**—Pay Band : ₹ 5910-20200 + ₹ 2400 – Grade Pay.

5. **Whether Selection post or Non-Selection post.**—Non -Selection

6. Age for direct recruitment.—Not Applicable

7. **Minimum educational and other qualifications required for direct recruit (s).— Essential Qualification :** Not Applicable. **Desirable Qualification :** Not Applicable.

8. **Whether age and educational qualification(s) prescribed for direct recruit(s) will apply in the case of the promotee (s).—Age :** Not applicable. **Educational Qualification :** Not Applicable.

**9. Period of probation, if any.**—Two years, subject to such further extension for a period not exceeding one year as may be ordered by the competent authority in special circumstances and reasons to be recorded in writing.

**10. Method(s) of recruitment whether by direct recruitment or by promotion, secondment transfer and the percentage of post(s )to be filled in by various methods.**—100% by promotion,

**11. In case of recruitment by promotion, secondment transfer grade from which promotion /secondment /transfer is to be made.**—By promotion from amongst the **Mechanic (Printing**) who possess Seven years regular service or regular combined with continuous adhoc service if any in the grade.

(1) In all cases of promotion, the continuous adhoc service rendered in the feeder post, if any, prior to regular appointment to the post shall be taken into account towards the length of service as prescribed in these rules for promotion subject to the condition that the adhoc appointment /promotion in the feeder category had been made after following proper acceptable process of selection in accordance with the provision of R&P Rules;

Provided that ; in all cases where a junior person becomes eligible for consideration by virtue of his / her total length of service (including the service rendered on adhoc basis, followed by regular service/ appointment) in the feeder post in view of the provisions referred to above, all persons senior to him in the respective category /post/cadre shall be deemed to be eligible for consideration and placed above the junior person in the field of consideration;

Provided further that all incumbents to be considered for promotion shall possess the minimum qualifying service of at least three years or that prescribed in the R&P Rules for the post, whichever is less;

Provided further that where a person becomes ineligible to be considered for promotion on account of the requirements of the preceding proviso, the person(s) junior to him shall also be deemed to be ineligible for consideration for such promotion.

*EXPLANATION.*—The last proviso shall not render the junior incumbent(s) ineligible for consideration for promotion if the senior ineligible person(s) happened to be Ex Servicemen recruited under the provisions of Rule 3 of the Demobilized Armed Forces Personnel (Reservation of vacancies in Himachal State Non-Technical Services) Rules, 1972 and having been given the benefit of seniority there under or recruited under the provisions of Rule 3 of Ex Servicemen (Reservation of Vacancies in the Himachal Pradesh Technical Services) Rules ,1985 and having been given the benefit of seniority there under.

**2.** Similarly, in all cases of confirmation continuous adhoc services rendered in the feeder post, if any, prior to the regular appointment against such post shall be taken into account towards the length of service, if the adhoc appointment/promotion had been made after proper selection and in accordance with provisions of the R&P Rules :

Provided that inter-se-seniority as a result of confirmation after taking into account, adhoc service rendered as referred to above shall remain unchanged.

**12. If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition.**—As may be constituted by the Government from time to time.

**13. Circumstances under which the Himachal Pradesh Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.**—As required under the Law.

**14. Essential requirement for a direct recruitment.**—Not applicable.

**15. Selection for appointment to post by direct recruitment.**—Not applicable.

**16. Reservation.**—The appointment to the service shall be subject to orders regarding reservation in the service for Scheduled Castes/ Scheduled Tribes/Other Backward Classes /Other categories of persons issued by Himachal Pradesh Government from time to time.

**17. Departmental Examination.**—Not applicable.

**18. Powers to relax.**—Where the State Government is of the opinion that it is necessary or expedient to do so, it may, by order for reasons to be recorded in writing and in consultation with the H.P.P.S.C relax any of the provision(s) of these Rules with respect to any Class or Category of person(s) or post(s).

---

**मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग**

अधिसूचना

शिमला–2, 30 अगस्त 2013

**संख्याः मुद्रण (बी) 6–2/2013.**––हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तकु द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, हिमाचल प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग में **हैड मकैनिक (इलैक्ट्रीकल), वर्ग–III** (अराजपत्रित), अलिपिक वर्गीय सेवाएं, के पद के लिए इस अधिसूचना से संलग्न उपाबन्ध "क" के अनुसार भर्ती और प्रोन्नति नियम बनाती हैं, अर्थात्:––

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**––(I) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, हैड मकैनिक (इलैक्ट्रीकल), वर्ग–III (अराजपत्रित), अलिपिक वर्गीय सेवाएं, भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2013 है ।

(2) ये नियम राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किए जाने की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

आदेश द्वारा,<br>(मनीषा नंदा)<br>प्रधान सचिव।

---

उपाबन्ध–"क"

**हिमाचल प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग में हैड मकैनिक (इलैक्ट्रीकल), वर्ग–III (अराजपत्रित), अलिपिक वर्गीय सेवाएं, के पद के लिए भर्ती और प्रोन्नति नियम**

1. **पद का नामः**–– हैड मकैनिक (इलैक्ट्रीकल)

2. **पदों की संख्याः**–– 01 (एक )

3. **वर्गीकरणः**–– वर्ग–III (अराजपत्रित) अलिपिक वर्गीय सेवाएं

4. **वेतनमानः——**पे बैंड : ₹ 5910—20200 / —जमा ₹ 2400 / —ग्रेड पे

5. **"चयन' पद अथवा 'अचयन' पदः——**अचयन

6. **सीधी भर्ती के लिए आयुः——**लागू नहीं ।

7. **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक और अन्य अहर्ताएंः—— (क) अनिवार्य अहर्ताः——**लागू नहीं ।

**(ख) वाँछनीय अहर्ता :** लागू नहीं ।

8. **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अहर्ताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं:—— आयु :** लागू नहीं । **शैक्षिक अहर्ता :** लागू नहीं ।

9. **परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई होः——** दो वर्ष, जिसका एक वर्ष से अनधिक ऐसी और अवधि के लिए विस्तार किया जा सकेगा, जैसा सक्षम प्राधिकारी विशेष परिस्थितियों में और लिखित कारणों से आदेश दे।

10. **भर्ती की पद्धतिः भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति, सैकेण्डमैंट, स्थानातरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पद (पदों )की प्रतिशतताः——**शतप्रतिशत प्रोन्नति द्वारा ।

11. **प्रोन्नति, सैकेण्डमैंट, स्थानातरण की दशा में वे श्रेणियां(ग्रेड) जिनसे प्रोन्नति, सैकेण्डमैंट स्थानातरण किया जाएगाः——**मकैनिक (इलैक्ट्रीकल) में से प्रोन्नति द्वारा, जिनका सात वर्ष का नियमित सेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, को सम्मिलित करके सात वर्ष का नियमित सेवाकाल हो ।

(1) प्रोन्नति के सभी मामलों में, पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरक (पोषक) पद में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, प्रोन्नति के लिए इन नियमों में यथाविहित सेवाकाल के लिए, इस शर्त के अधीन रहते हुए गणना में ली जाएगी, कि सम्भरक (पोषक) प्रवर्ग में तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति, भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार चयन की उचित स्वीकार्य प्रक्रिया को अपनाने के पश्चात् की गई थी :

परन्तु उन सभी मामलों में, जिनमें कोई कनिष्ठ व्यक्ति सम्भरक (पोषक) पद में अपने कुल सेवाकाल (तदर्थ आधार पर की गई तदर्थ सेवा सहित, जो नियमित सेवा / नियुक्ति के अनुसरण में हो), के आधार या उपर्युक्त निर्दिष्ट उपबन्धों के कारण विचार किए जाने का पात्र हो जाता है, वहां अपने—अपने प्रवर्ग / पद / संवर्ग में उससे वरिष्ठ सभी व्यक्ति विचार किए जाने के पात्र समझे जाएंगे और विचार करते समय कनिष्ठ व्यक्ति से ऊपर रखे जाएगे :

परन्तु यह और कि उन सभी पदधारियों की, जिन पर प्रोन्नति के लिए विचार किया जाना है, कम से कम तीन वर्ष की न्यूनतम अहर्ता सेवा या पद के भर्ती और प्रोन्नति नियमों में विहित सेवा, जो भी कम हो, होगी :

परन्तु यह और भी कि, जहां कोई व्यक्ति पूर्वगामी परन्तुक की अपेक्षाओं के कारण प्रोन्नति किए जाने सम्बधी विचार के लिए अपात्र हो जाता है, वहां उससे कनिष्ठ व्यक्ति भी ऐसी प्रोन्नति के विचार के लिए अपात्र समझा जाएगा / समझे जाएंगे ।

**स्पष्टीकरणः——**अन्तिम परन्तुक के अन्तर्गत कनिष्ठ पदधारी प्रोन्नति के लिए अपात्र नहीं समझा जाएगा, यदि वरिष्ठ अपात्र व्यक्ति भूतपूर्व सैनिक है, जिसे डिमोबिलाईजड आर्मड फोर्सिस परसोनल (रिजर्वेशन ऑफ वेकेन्सीज इन हिमाचल स्टेट नॉन—टैकनीकल सर्विसीज) रूल्ज, 1972 के नियम 3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया है और इसके अन्तर्गत वरीयता लाभ दिए गए हों या जिसे एक्स सर्विसमैन (रिजर्वेशन

ऑफ वेकेन्सीज इन दी हिमाचल प्रदेश टैकनीकल सर्विसीज) रूल्ज, 1985 के नियम 3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया हो और इसके अन्तर्गत वरीयता लाभ दिए गए हों।

(2) इसी प्रकार स्थायीकरण के सभी मामलों में ऐसे पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरक (पोषक) पद पर की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, सेवाकाल के लिए गणना में ली जाएगी, यदि तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति, उचित चयन के पश्चात् और भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार की गई थी :

परन्तु की गई उपर्युक्त निर्दिष्ट तदर्थ सेवा को गणना में लेने के पश्चात् जो स्थायीकरण होगा, उसके फलस्वरूप पारस्परिक वरीयता अपरिवर्तित रहेगी ।

**12. यदि विभागीय प्रोन्नति समिति विद्यमान हो तो उसकी संरचनाः**––जैसी सरकार द्वारा समय–समय पर गठित की जाए।

**13. भर्ती करने में जिन परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगाः**––जैसा विधि द्वारा अपेक्षित हो ।

**14. सीधी भर्ती के लिए अनिवार्य अपेक्षाः**––लागू नहीं ।

**15. सीधी भर्ती द्वारा पद पर नियुक्ति के लिए चयन :**––लागू नहीं ।

**16. आरक्षणः**––सेवा में नियुक्ति, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा, समय–समय पर अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जनजातियों / अन्य पिछड़े वर्गों अन्य प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए सेवा में आरक्षण की बाबत जारी किए गए आदेशों के अधीन होगी ।

**17. विभागीय परीक्षाः**–– लागू नहीं ।

**18 शिथिल करने की शक्ति :**––जहां राज्य सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह कारणों को लिखित में अभिलिखित करके और हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, आदेश द्वारा, इन नियमों के किन्हीं उपबन्ध (उपबन्धों) को किसी वर्ग या व्यक्ति(यों) के प्रवर्ग या पद (पदों)की बाबत, शिथिल कर सकेगी ।

———————

[*Authoritative English Text of this Department Notification No : Mudran (B)* 6-2 / 2013 *dated* 30-8-2013 *as required under clause* (3) *of Article* 348 *of the Constitution of India*].

**PRINTING AND STATIONERY DEPARTMENT**

NOTIFICATION

*Shimla*-2, *the* 30*th* *August,* 2013

**No: Mudran (B) 6-2/ 2013.**— In exercise of the powers conferred by proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor Himachal Pradesh, in consultation with the Himachal Pradesh Public Service Commission, is pleased to make the following Recruitment & Promotion Rules for the post of **Head Mechanic (Electrical), Class-III** (Non-Gazetted), Non-Ministerial Services, in the Department of Printing and Stationery, Himachal Pradesh as per Annexure-“A” attached to this notification, namely:—

**1. Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Himachal Pradesh Printing and Stationery Department, Head Mechanic (Electrical) , Class-III (Non-Gazetted) Non-Ministerial Services, Recruitment and Promotion Rules, 2013.

(2) These rules shall come into force from the date of publication in the Rajpatra. Himachal Pradesh.

By order,
(MANISHA NANDA),
*Pr. Secretary*.

---

**RECRUITMENT AND PROMOTION RULES FOR THE POST OF HEAD MECHANIC (ELECTRICAL) CLASS-III (NON-GAZETTED), IN THE DEPARTMENT OF PRINTING AND STATIONERY HIMACHAL PRADESH**

1. **Name of the Post.**—Head Mechanic(Electrical).

2. **Number of Post(s).**— 01(One)

3. **Classification.**— Class-III(Non-Gazetted) Non–Ministerial-Services.

4. **Scale of Pay.**— Pay Band : ₹ 5910-20200+ ₹ 2400 Grade Pay.

5. **Whether Selection post or Non-Selection post.**—Non –Selection.

6. **Age for direct recruitment.**— Not Applicable.

7. **Minimum educational and other qualifications required for direct recruit(s).**—
(*a*) Essential Qualification(s) : Not applicable.

(*b*) Desirable Qualification(s): Not applicable.

8. **Whether age and educational qualification(s) prescribed for direct recruit(s) will apply in the case of the promotee(s).**—Age : Not applicable

**Educational Qualification :** Not Applicable

9. **Period of probation, if any.**— Two years, subject to such further extension for a period not exceeding one year as may be ordered by the competent authority in special circumstances and reasons to be recorded in writing.

10. **Method(s) of recruitment whether by direct recruitment or by promotion, secondment/ transfer and the percentage of post(s )to be filled in by various methods.**—100% by promotion,

11. **In case of recruitment by promotion, secondment, transfer, grade from which promotion /secondment/ transfer is to be made.**—By promotion from amongst the Mechanic (Electrical) who possess seven years regular service or regular combined with continuous *adhoc* service if any in the grade.

(1) In all cases of promotion, the continuous *adhoc* service rendered in the feeder post, if any, prior to regular appointment to the post shall be taken into account towards the length of

service as prescribed in these Rules for promotion subject to the condition that the *adhoc* appointment /promotion in the feeder category had been made after following proper acceptable process of selection in accordance with the provision of R&P Rules ;

(*i*) Provided that , in all cases where a junior person becomes eligible for consideration by virtue of his /her total length of service (including the service rendered on *adhoc* basis, followed by regular service/appointment) in the feeder post in view of the provisions referred to above, all persons senior to him/ her in the respective category /post/cadre shall be deemed to be eligible for consideration and placed above the junior person in the field of consideration;

Provided further that all incumbents to be considered for promotion shall possess the minimum qualifying service of at least three years or that prescribed in the R&P Rules for the post, whichever is less;

Provided further that where a person becomes ineligible to be considered for promotion on account of the requirements of the preceding proviso, the person(s) junior to him/her shall also be deemed to be ineligible for consideration for such promotion.

*EXPLANATION.*—The last proviso shall not render the junior incumbent(s) ineligible for consideration for promotion if the senior ineligible person(s) happened to be Ex-Servicemen recruited under the provisions of Rule 3 of the Demobilized Armed Forces Personnel (Reservation of vacancies in Himachal State Non-Technical Services) Rules, 1972 and having been given the benefit of seniority there under or recruited under the provisions of Rule 3 of Ex-Servicemen (Reservation of Vacancies in the Himachal Pradesh Technical Services) Rules,1985 and having been given the benefit of seniority there under.

2. Similarly, in all cases of confirmation continuous *adhoc* services rendered in the feeder post, if any, prior to the regular appointment against such post shall be taken into account towards the length of service, if the *adhoc* appointment/ promotion had been made after proper selection and in accordance with provisions of the R&P Rules;

Provided that inter-se-seniority as a result of confirmation after taking into account, *adhoc* service rendered as referred to above shall remain unchanged.

**12. If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition?.—**As may be constituted by the Government from time to time.

**13. Circumstances under which the Himachal Pradesh Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.—**As required under the Law.

**14. Essential requirement for a direct recruitment.—**Not applicable.

**15. Selection for appointment to post by direct recruitment.—**Not applicable.

**16. Reservation.—**The appointment to the service shall be subject to orders regarding reservation in the service for Scheduled Castes/Scheduled Tribes/Other Backward Classes /Other categories of persons issued by Himachal Pradesh Government from time to time.

**17. Departmental Examination.—**Not applicable.

**18. Powers to relax.**—Where the State Government is of the opinion that it is necessary or expedient to do so, it may, by order for reasons to be recorded in writing and in consultation with the H.P.P.S.C relax any of the provision(s) of these Rules with respect to any Class or Category of person(s) or post(s).

---

**लोक निर्माण विभाग**

अधिसूचना

शिमला–2 31 अगस्त, 2013

**सं0 पी0बी0डब्ल्यू0 (बी0)एफ(5) 7/2013.**––यतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को यह प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार को सरकारी व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजन हेतु नामतः गांव बाथू, तहसील हरोली, जिला ऊना में गुरपलाह–गोन्दपुर सड़क के निर्माण हेतु भूमि अर्जित करनी अपेक्षित है, अतएव एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि उक्त परिक्षेत्र में जैसा कि निम्न विवरणी में निर्दिष्ट किया गया है, उपरोक्त प्रयोजन के लिए भूमि का अर्जन अपेक्षित है।

2. यह अधिसूचना ऐसे सभी व्यक्तियों को, जो इससे सम्बन्धित हो सकते है, की जानकारी के लिए भूमि अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा–4 के उपबन्धों के अन्तर्गत जारी की जाती है।

3. पूर्वोक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल हिमाचल प्रदेश इस समय इस उपक्रम में कार्यरत सभी अधिकारियों उनके कर्मचारियों और श्रमिकों को इलाके की किसी भी भूमि में प्रवेश करने और सर्वेक्षण करने तथा उप धारा द्वारा अपेक्षित अथवा अनुमतः अन्य सभी कार्यो को करने के लिए सहर्ष प्राधिकार देते हैं।

4. कोई भी हितबद्ध व्यक्ति जिसे उक्त परिक्षेत्र में कथित भूमि के अर्जन पर कोई आपति हो तो वह इस अधिसूचना के प्रकाशित होने के तीस दिन की अवधि के भीतर लिखित रुप में भू–अर्जन समाहर्ता, लोक निर्माण विभाग, कांगड़ा, (हि0 प्र0) के समक्ष अपनी आपति दायर कर सकता है।

**विवरणी**

| जिला | तहसील | गांव | खसरा नं0 | रकवा (कनाल–मरले में) |
|---|---|---|---|---|
| ऊना | हरोली | बाथू | 3631/2 | 1–9 |
| | | | **किता : 1** | **1–9** |

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित/–
प्रधान सचिव (लोक निर्माण)।

————————

ब अदालत तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी घुमारवीं, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री वेशरु, निवासी चुराड़ी, परगना सरयून, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश।

बनाम

आम जनता स्थित गांव चुराड़ी, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश।

विषय.—दरख्वास्त मकफूद—उल—खबरी मिनजानिव श्री वेशरु पुत्र श्री रोडा, निवासी चुराड़ी, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश वहक जायज वारसान ईन्तकाल तस्दीक करने बारे।

उपरोक्त विषय पर आम व खास को बजरिया राजपत्र द्वारा सूचित किया जाता है कि सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री वेशरु, निवासी चुराड़ी ने एक प्रार्थना—पत्र दिया है कि उसका पिता श्री वेशरु पुत्र श्री रोडा लगभग 20 सालों से लापता है तथा इसकी वरास्त का ईन्तकाल संख्या 213 दिनांक 11—3—2013 वहक सुरेन्द्र कुमार पुत्र व नीलम कुमारी पुत्री व श्रीमती व्यासां देवी पत्नी श्री वेशरु राम समभाग दर्ज हुआ है। सुरेन्द्र कुमार का यह भी कथन है कि मेरे पिता जी का 20 सालों से कोई अता—पता नहीं चला है तथा सन्देह है कि उनकी संदिग्ध मौत हो चुकी है इस लिए श्री वेशरु पुत्र श्री रोडा का ईन्तकाल दर्ज व तस्दीक किया जावे।

उपरोक्त अमर के बारा बजरिया इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी व्यक्ति को श्री वेशरु राम के जीवित होने बारा कोई सबूत या एतराज हो तो वह 6—12—2013 को सुबह 10.00 बजे असालतन या वकालतन हाजिर आकर एतराज पेश कर सकता है अन्यथा श्री वेशरु राम पुत्र श्री रोडा की वरास्त वारसान के नाम कर दिया जाएगा कि वह मर चुका है।

आज दिनांक 16—8—2013 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित/—
तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी,
घुमारवीं, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश।

————————

**In the Court of Shri Balwan Chand, HAS, Additional District Registrar of Marriage-*cum*-Sub-Divisional Magistrate, Bhoranj, District Hamirpur (H. P.)**

1. Shri Parshottam Ram, aged 22 years s/o Shri Prittam Chand, r/o Village & P. O. Badehar, Tehsil Bhoranj, District Hamirpur (H. P.).

2. Smt. Neha Kumari, aged 21 years d/o Shri Krishan Chand, r/o Village Samsai, P.O. Ropari, Tehsil Sarkaghat, District Mandi (H.P.) . . *Applicants.*

*Versus*

General public

*Subject.*—Application for the registration of marriage under section 16 of Special Marriage Act, 1954 (Central Act) as amended by Marriage Laws (Amendment) Act, 2001(49 of 2001).

Shri Parshottam Ram and Smt. Neha Kumari have filed an application alongwith affidavits in this court under section 16 of Special Marriage Act, 1954 (Central Act) as amended by the Marriage Laws (Amendment) Act, 2001, (49 of 2001) that they have solemnized their marriage ceremony on 18-8-2013 at Nabahi Devi Mata Temple, Nabahi Devi, Tehsil Sarkaghat, District Mandi, Himachal Pradesh as per Hindu rites and customs and they are living together as husband and wife since then. Hence their marriage may be registered under Special Marriage Act, 1954.

